समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Monday, 24 August 2026

# लाडकी बहन योजना : महिलाओं के खाते मे आएंगे एक साथ पैसे, फरवरी-मार्च की किस्त मिलेगी साथ

Sanket Morankar

Published on 18 Mar 2026




महाराष्ट्र सरकार की महत्वाकांक्षी **लाडकी बहन योजना** को लेकर बड़ी अपडेट सामने आई है। योजना की लाभार्थी महिलाओं को फरवरी और मार्च महीने की किस्त अब एक साथ मिलने की संभावना जताई जा रही है।

एक साथ मिलेंगे दो महीने के पैसे

इस योजना के तहत पात्र महिलाओं को हर महीने 1500 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाती है। जनवरी महीने की किस्त मिलने के बाद फरवरी और मार्च का भुगतान अभी तक लंबित था, जिससे महिलाओं में चिंता का माहौल था।

अब सामने आई जानकारी के मुताबिक, राज्य सरकार दोनों महीनों की राशि एक साथ ट्रांसफर करने की तैयारी में है। यानी लाभार्थियों के खाते में सीधे 3000 रुपये जमा हो सकते हैं।

कब आएंगे पैसे ?

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यह राशि 15 अप्रैल से पहले लाभार्थियों के बैंक खातों में भेजी जा सकती है। हालांकि, सरकार की ओर से आधिकारिक घोषणा का इंतजार है।

सरकार का क्या कहना है ?

राज्य के मुख्यमंत्री Devendra Fadnavis ने बजट के दौरान स्पष्ट किया कि यह योजना आगे भी जारी रहेगी और इसके लिए पर्याप्त बजट प्रावधान किया गया है।

किन्हें नहीं मिलेगा लाभ ?

सरकार ने इस योजना के लिए ई-केवाईसी (e-KYC) अनिवार्य किया है।

- जिन महिलाओं ने e-KYC पूरा नहीं किया है
- या जिनकी जानकारी में त्रुटि है

उन्हें 31 मार्च 2026 तक सुधार का मौका दिया गया है। इस तारीख तक सुधार न करने पर योजना का लाभ बंद किया जा सकता है।

जरूरी सलाह

यदि आपने अभी तक e-KYC अपडेट नहीं किया है या कोई गलती हुई है, तो तुरंत सुधार कर लें, ताकि भविष्य में मिलने वाली किस्तें बंद न हों।

लाडकी बहन योजना की लाभार्थी महिलाओं के लिए यह राहत भरी खबर है। फरवरी और मार्च की किस्त एक साथ मिलने से आर्थिक मदद दोगुनी हो जाएगी, जिससे लाखों महिलाओं को फायदा होगा।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.